# कार्यालय प्राचार्य
## सेठ आर.सी.एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग)
Email: rcscollege1964@gmail.com, Phone: 0788-2322457


दुर्ग, दिनांक 21.06.2022

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

दुर्ग. जिला शिक्षण समिति दुर्ग के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समिति द्वारा संचालित सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सेठ आर. सी. एस. विधि महाविद्यालय, सेठ बद्रीलाल खण्डेलवाल शिक्षा महाविद्यालय, दाऊ ररू प्रसाद राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला एंव शहीद भगत सिंह राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक शाला, दुर्ग के प्राचार्य एंव समस्त स्टाफ उपस्थित होकर योगाभ्यास किया। यह कार्यक्रम योग साधना एंव चिकित्सा केन्द्र, दुर्ग के योगाचार्य श्री मंगल दास मंगलन एंव उनके सहयोगी श्री मनोज ताम्रकार के निर्देशन में समपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में योगाचार्य एंव उनके सहयोगीयों को जिला शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री प्रवीण चन्द्र तिवारी, सचिव श्री दिलीप इंगले एंव सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग के प्राचार्य डॉ. जी. एन. कटहरे ने शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।



अध्यक्ष श्री प्रवीण चन्द्र तिवारी एंव प्राचार्य डॉ. जी. एन. कटहरे ने अपने उद्बोधन में योग के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में विधि महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अखिलेश अग्रवाल, शिक्षा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. उमाकांती सिंह, नेशनल स्कूल के प्राचार्य श्रीमती मधु गोस्वामी एंव भगत सिंह स्कूल के प्राचार्य श्री रायजादा उपस्थित हुए तथा योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के एन.सी.सी, एन. एस.एस एंव अन्य छात्र–छात्राएँ भी अपनी उपस्थिति प्रदान की एंव लाभान्वित हुए।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेठ आर. सी. एस. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग द्वारा 01 जून से 20 जून तक योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन योग साधना एंव चिकित्सा केन्द्र, दुर्ग के योगाचार्य श्री मंगल दास मंगलम के मार्ग दर्शन में किया गया जिसमें समस्त स्टाफ एंव छात्र–छात्राएँ भी सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला का समापन योग दिवस के दिन सम्पन्न हुआ एंव समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।

प्राचार्य